**'सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के संबंध में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम' के विभिन्न मुद्दों का प्रचार-प्रसार करने वाले सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार पर की गई कार्रवाई संबंधित नोट**

**अप्रैल, 2017- जून, 2017**

**पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**

- पत्र सूचना कार्यालय नियमित रूप से प्रधान मंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुडें विभिन्न विषयों पर रिलीज/फीचर्स का प्रकाशन करता रहा है।
- उक्त विषय पर उसके विभिन्न क्षेत्रों से 179 प्रैस रिलीज तथा 8 फीचर्स जारी किए गए।
- पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वार्तालापों का आयोजन किया गया है जिसका एक भाग प्रधान मंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम हैं।

**क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी)**

- देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए प्रधान मंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के क्षेत्रीय प्रचार एककों ने विभिन्न प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया है।
- इस अभियान का विशेष बल लक्षित लाभार्थियों की सक्रिय सहभागिता के साथ अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों अर्थात 'स्वच्छ भारत मिशन', 'प्रधान मंत्री जन धन योजना', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना', 'अटल पेंशन योजना', 'स्किल इंडिया मिशन', 'ग्रामोदय से भारत उदय' पर था।
- निदेशालय ने लक्षित दर्शकों/श्रोताओं से संबंधित कार्यकलापों में विभिन्न फॉर्मेटों जैसे समूह चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र, सार्वजनिक बैठकों तथा फिल्म शो का आयोजन किया।
- निदेशालय ने 604 फिल्म शो, 29 विशेष कार्यक्रमों, 1157 मौखिक संवाद कार्यक्रमों/समूह चर्चा का आयोजन किया, 709 फोटो प्रदर्शिनियो का आयोजन किया तथा 663 फीडबैक कहानियों का सग्रह किया ।

- निदेशालय ने उक्त तिमाही के दौरान देश भर के 785 अल्पसंख्यक बहुल गांव में अपने प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के जरिए 2.26 लाख से अधिक (लगभग) लोगों को सरकार के कार्यक्रमों के प्रति जागरूक बनाया।

**<u>गीत और नाटक प्रभाग</u>**

- गीत और नाटक प्रभाग ने लाइव मीडिया जैसे नाटक, लोक कार्यक्रमों, कठपुतली कला आदि के जरिए भीतरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- इन कार्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं तथा बोलियों में प्रस्तुत किया जाता है ताकि अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के लिए प्रधान मंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं से संबंधित संदेशों का प्रभावपूर्व तरीके से प्रचार-प्रसार किया जा सके।
- इस प्रभाग ने जून, 2017 को समाप्त तिमाही के दौरान 368 प्रचार-प्रसार कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे।

**<u>विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी)</u>**

- यह निदेशालय अल्पसंख्यकों के कल्याण से संबंधित विषयों पर भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, अल्पसंख्यकों के लिए उपलब्ध निधियों, छात्रवृत्तियों आदि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।
- डीएवीपी ने जून, 2017 को समाप्त तिमाही के दौरान 1946 समाचारपत्रों में 12 विज्ञापन जारी किए थे।
- "अल्पसंख्यकों के लिए ख्वाजा गरीब नवाज कौशल विकास प्रशिक्षण", "मोदी सरकार के तीन साल", "मदद हमारी - मंजिल", "हुनर हॉट - कारीगरों तथा दस्तकारों के ख्यातिपूर्ण विकास के लिए अभियान", "शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अवसंरचना विकास", "सफलता की नई कहानियों का निर्माण - पढ़ो परदेश एवं नई उड़ान के साथ", "शिक्षा तथा कौशल विकास के जरिए सशक्तिकरण सुनिश्चित करना, मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिक-पश्चात तथा मेरिट आधार पर स्कॉलरशिप स्कीम 2017-18" तथा "हज नीति 2013-17 की समीक्षा के लिए आमंत्रित सुझाव" से संबंधित विषयों पर समाचारपत्र विज्ञापन जारी किए गए।

- डीएवीपी ने जून, 2017 को समाप्त तिमाही के लिए आउटडोर मीडिया, डिजिटल सिनेमा, प्राइवेट एफएम व टेलीविजन से संबंधित विषयों पर कोई अभियान/प्रचार-प्रसार नहीं किया था।

**<u>आकाशवाणी</u>**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यकों के कल्याण' से संबंधित उपयुक्त कार्यक्रमों का प्रसारण करके उक्त विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।
- इनमें विभिन्न फार्मेटों का प्रयोग किया गया जिसमें - वार्ता, लाइव कम्पेरिंग, चर्चा, साक्षात्कार, जिंगल्स, स्पॉट्स, रेडियो रिपोर्ट, टाकलेट, स्पॉट रिकॉर्डिंग आधारित कार्यक्रम आदि शामिल थे।
- इन कार्यक्रमों का विशेष बल 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरूकता में वृद्धि करने पर रहा।
- उक्त तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा 1521 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

**<u>दूरदर्शन</u>**

- देश भर के विभिन्न दूरदर्शन केंद्र अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए प्रधान मंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर विभिन्न फॉर्मेटों के जरिए कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।
- इन कार्यक्रमों के फॉर्मेटों में चर्चा, संगीत, वृत्तचित्र फीचर, टीवी रिपोर्ट, पैनल चर्चा, स्टूडियो आधारित साप्ताहिक समाचार, विशेष संवाद, सिंधी कार्यक्रम, उर्दू कार्यक्रम, पारसी कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

*****

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**अप्रैल, 2017 - जून, 2017 तक राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | डीएफपी द्वारा आयोजित कार्यकलापों की संख्या | पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालापों की संख्या | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | गीत और नाटक प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | डीएवीपी द्वारा प्रिंट मीडिया के संबंध में प्रतिबद्धता राशि (रु. में) | दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | - | - | - | - | 26,488 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 347 | 1 | - | - | 461,958 | - |
| 3 | तेलंगाना | | - | - | - | 2,213,852 | - |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 119 | - | - | 20 | 118,255 | - |
| 5 | असम | 35 | 2 | 67 | 99 | 566,845 | 16 |
| 6 | बिहार | 21 | - | 12 | - | 1,499,057 | 4 |
| 7 | चंडीगढ़ | - | - | - | - | 461,719 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 30 | - | - | - | 1,018,575 | - |
| 9 | मध्य प्रदेश | 536 | 1 | - | - | 4,022,069 | 6 |
| 10 | दादर एवं नागर हवेली | - | 1 | - | - | 146,971 | - |
| 11 | दमन एवं दीव | - | - | - | - | 110,547 | - |
| 12 | गुजरात | 0 | - | 20 | - | 2,994,692 | 45 |
| 13 | जम्मू एवं कश्मीर | 15 | 2 | - | - | 1,442,648 | - |
| 14 | झारखंड | 169 | - | - | - | 1,166,892 | - |
| 15 | कर्नाटक | 152 | - | - | - | 2,085,284 | - |
| 16 | केरल | 209 | - | - | - | 1,234,474 | - |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | - | - | - |
| 18 | महाराष्ट्र | 0 | 2 | 1416 | 92 | 5,106,314 | 10 |
| 19 | गोवा | | - | - | - | 84,937 | - |
| 20 | मिजोरम | 342 | - | - | 12 | 76,657 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | - | 110,554 | - |
| 22 | त्रिपुरा | | 1 | - | 14 | 247,736 | 7 |
| 23 | नागालैंड | 0 | - | - | 6 | 121,484 | - |
| 24 | मणिपुर | 0 | 1 | - | 22 | 137,008 | - |
| 25 | पंजाब | 0 | - | - | - | 1,307,806 | 5 |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | - | - | - | 145,150 | - |
| 27 | हरियाण | | 1 | - | 35 | 1,027,716 | - |
| 28 | दिल्ली | | - | - | 37 | 5,188,425 | - |
| 29 | ओडिशा | 0 | 2 | - | - | 1,640,799 | - |
| 30 | पुद्दुचेरी | - | - | - | - | 21,660 | - |
| 31 | राजस्थान | 331 | 2 | - | - | 3,538,871 | 9 |
| 32 | तमिलनाडु | 30 | 1 | 6 | - | 2,028,694 | - |
| 33 | उत्तराखंड | 41 | - | - | 15 | 911,882 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 97 | - | - | 16 | 5,566,142 | 4 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 101 | 1 | - | - | - | 4 |
| 36 | सिक्किम | | - | - | - | 142,882 | - |